मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

मंगलवार, दिनांक 23 फरवरी, 2016 (फाल्गुन 4, शक सम्वत् 1937)

विधान सभा पूर्वाह्न 10:31 बजे समवेत हुई.

अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.

1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

2. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 65-मैहर से, उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य श्री नारायण त्रिपाठी ने शपथ ली, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किए और सभा भवन में अपना स्थान ग्रहण किया.

3. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि अब सदन राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा। पूर्वाह्न 10.45 बजे श्री रामनरेश यादव, राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन एवं आसन ग्रहण हुआ.

4. अध्यक्षीय घोषणा

राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण को पढ़े जाने विषयक

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि - माननीय राज्यपाल के अभिभाषण की कंडिका 1, 2, 3 एवं 154 ही पढ़ेंगे, शेष अभिभाषण की कंडिका (4) से (153) पढ़ी हुई मानी जाएगी.

5. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण (क्रमश:)

राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण के पश्चात् पूर्वाह्न 10.47 बजे चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया गया.

6. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव की प्रस्तुति

श्री शंकरलाल तिवारी, सदस्य ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि :-

'राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं'

श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य ने इसका समर्थन किया.

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए गुरुवार, दिनांक 25 फरवरी एवं सोमवार, दिनांक 29 फरवरी, 2016 का समय नियत किया गया. तदनुसार, घोषणा की गई कि माननीय सदस्यों द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन बुधवार, दिनांक 24 फरवरी, 2016 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं.

7. अध्यक्षीय घोषणा

बजट प्रक्रिया संबंधी कार्यशाला विषयक

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन द्वारा घोषणा की गई कि माननीय सदस्यों को उनके संसदीय कार्यों में प्रभावी भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से बजट प्रक्रिया एवं उसके विभिन्न पहलुओं तथा उपयोग से अवगत कराने के लिये मंगलवार, दिनांक 23 फरवरी, 2016 को मध्यप्रदेश विधान सभा भवन स्थित मानसरोवर सभागार में पूर्वाह्न 11.30 बजे से बजट प्रक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें पी.आर.एस. लेजिस्लेटिव रिसर्च दिल्ली के विषय विशेषज्ञों द्वारा बजट संबंधी जानकारी दी जाएगी. उक्त कार्यशाला में माननीय सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थित है.

पूर्वाह्न 10.54 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 24 फरवरी, 2016 (5 फाल्गुन, शक सम्वत् 1937) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

भगवानदेव ईसरानी,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 23 फरवरी, 2016